# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–दिव्यराज सिंह चुण्डावत (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 988 / 2024 | 05.12.2024 | 20-5-2025 |

उनवान

1. हजारी पिता गोपी जाति बोला ;(रेंगर) उम्र वयस्क निवासी बहलियास तहसील कोटड़ी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाडा ;राज०।

– प्रार्थी

बनाम

1. दिलीप सिंह पिता दौलत सिंह राजपूत उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटड़ी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)
2. पुष्पेन्द्र सिंह पिता दौलत सिंह राजपूत उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
3. अनिश पुत्र कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
4. आबिद पुत्र कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बड़लियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
5. ईकबाल पुत्र कासम मसुरी जाति मुसलमान उन्न वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
6. कमरून पुत्री कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
7. बदरून पुत्री कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
8. बानू पुत्री कासम मंसुरी जाति मुसलमान उत्न वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
9. मुमताज पुत्री कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
10. मोहम्मद पुत्र कासन मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
11. शोकत पुत्र कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
12. सकीला पुत्री कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।
13. संजीदा पुत्री कासम मंसुरी जाति मुसलमान उम्र वयस्क निवासी –बडलियास तहसील कोटडी हाल तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

14. राजस्थान राज्य जरिये नायब तहसीलदार बडलियास तहसील सवाईपुर जिला भीलवाड़ा (राज)

15. 15. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार सवाईपुर जिला भीलवाड़ा।

– प्रतिवादीण

उपस्थितः—अधिवक्ता प्रार्थीगण श्री मदन लाल
अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 14 उपस्थित नहीं

## —: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 आर0एल0आर एक्ट :—

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम बडलियास, पटवार हल्का— बडलियास, भू.अ.नि. क्षेत्र—बडलियास, तहसील कोटडी जिला—भीलवाड़ा के वर्तमान जमाबंदी सम्वत् 2077 से 2078 तक में दर्ज खाता संख्या नया 1182 पुराना 1187 में वर्णित आराजी संख्या 59 रकबा 0.6266 हेक्टर कुल किता 01 रकबा 0.6266 हेंक्टर कृषि भूमि स्थित है। वादीगण की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और प्रतिवादी जैर—बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। प्रार्थी संख्या 01 से लगायत 4 उपस्थित नहीं। प्रार्थीगण अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थीगण अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

मेंने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

तहसीलदार कोटडी/नायब तहसीलदार बडलियास को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का
आदेश दिया जाता है कि ग्राम ग्राम बडलियास, पटवार हल्का– बडलियास, भू.अ.नि.
क्षेत्र–बडलियास, तहसील कोटडी जिला–भीलवाड़ा के वर्तमान जमाबंदी सम्वत् 2077 से 2078
तक में दर्ज खाता संख्या नया 1182 पुराना 1187 में वर्णित आराजी संख्या 59 रकबा 0.6266
हेक्टर कुल किता 01 रकबा 0.6266 हेंक्टर कृषि भूमि स्थित है। भूमि कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी
कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों
की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व
कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर
फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर
सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार सवाईपुर/नायब तहसीलदार बडलियास को 1000–00
अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क
रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में
आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार
भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में
भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 20-01-2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(दिव्यराज सिंह चुण्डावत)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा